Roll No. …………………..

# PJ–102

फलित ज्योतिष के आधारभूत सिद्धान्त

फलित ज्योतिष में डिप्लोमा / प्रमाणपत्र (डी. पी. जे.-12 / 16, सी. पी. जे.-11 / 16)

प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2017

समय : 3 घंटा पूर्णांक : 70

नोट : यह प्रश्न पत्र सत्तर (70) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

## खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. द्वादश राशियों के गुण-धर्म का विस्तृत लेखन कीजिए।
2. शुक्र ग्रह का द्वादश भावों में फलादेश लिखिए।
3. गजकेसरी, अमलकीर्ति एवं हरिहर योगों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।
4. अरिष्ट योग से आप क्या समझते हैं ? विस्तृत वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सूर्य एवं चन्द्रमा के गुण-धर्म का उल्लेख कीजिए।
2. ज्योतिष शास्त्र के ऐतिहासिक पक्ष पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए।
3. भाव किसे कहते हैं ? स्पष्ट रूप से लिखिए।
4. विंशोत्तरी दशा क्या है ? साधन विधि लिखिए।
5. नक्षत्र के शुभाशुभ प्रभाव का वर्णन कीजिए।
6. अरिष्टभंग योग पर एक टिप्पणी लिखिए।
7. ज्योतिष शास्त्र की उपादेयता पर प्रकाश डालिए।
8. राशि, ग्रह एवं नक्षत्रों को परिभाषित करते हुए ज्योतिष में उनके योगदान को अपने शब्दों में लिखिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. वराहमिहिर के पुत्र का नाम है :

   (अ) पृथुयशस

   (ब) गणेश कवि

   (स) नीलकण्ठ

   (द) कालीदास

2. चन्द्रमा किस राशि में उच्च का होता है ?
   (अ) मकर
   (ब) वृष
   (स) धनु
   (द) मेष

3. सूर्य-चन्द्र के 12° का गत्यात्मक अन्तर होता है :
   (अ) वार
   (ब) तिथि
   (स) नक्षत्र
   (द) करण

4. निम्नलिखित में वेदांग नहीं है :
   (अ) शिक्षा
   (ब) व्याकरण
   (स) ज्योतिष
   (द) साहित्य

5. वेदांग ज्योतिष किसकी रचना है ?
   (अ) कमलाकर
   (ब) गणेश
   (स) लगध
   (द) भास्कर

6. विंशोत्तरी दशा कितने वर्षों की होती है ?
   (अ) 36 वर्ष
   (ब) 28 वर्ष
   (स) 120 वर्ष
   (द) 108 वर्ष

7. पंचमहापुरुष योग में नहीं है :

(अ) मालव्य योग

(ब) शश योग

(स) रूचक योग

(द) वेशि योग

8. कर्क राशि का स्वामी होता है :

(अ) सूर्य

(ब) मंगल

(स) बुध

(द) चन्द्रमा

9. ज्योतिष वेद के कौन-से अंग के रूप में जाना जाता है ?

(अ) घ्राण

(ब) चक्षु

(स) मुख

(द) पाद

10. नक्षत्रों के क्रम में दशम स्थान है :

(अ) आश्लेषा का

(ब) मघा का

(स) पूर्वाफाल्गुनि का

(द) पुण्य का